## संपादकीय

# खतरनाक दिशा में दुनिया

प्रथम विश्व युद्ध के बाद लीग ऑफ नेशन्स बना था। लेकिन वह विफल रहा। उसका बहुत घातक परिणाम दुनिया को झेलना पड़ा। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद को शामिल किया गया। प्रावधान किया गया कि दुनिया की पांच बड़ी शक्तियों को इसमें वीटो का अधिकार होगा।

पहले संदर्भ पर गौर करें। संयुक्त राष्ट्र का गठन दूसरे विश्व युद्ध के बाद हुआ। इसका प्राथमिक उद्देश्य था दुनिया में फिर दूसरे विश्व युद्ध जैसी हालत पैदा ना हो, उसे सुनिश्चित करना। प्रथम विश्व युद्ध के बाद लीग ऑफ नेशन्स बना था। लेकिन वह विफल रहा। उसका बहुत घातक परिणाम दुनिया को झेलना पड़ा। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद को शामिल किया गया। प्रावधान किया गया कि दुनिया की पांच बड़ी शक्तियों को इसमें वीटो का अधिकार होगा। इन शक्तियों के बीच संतुलन पर विश्व शांति टिकी है- यह बात आज भी उतना ही सच है। लेकिन अब पश्चिमी देशों ने संयुक्त राष्ट्रों में हेरफेर शुरू कर दी है। अमेरिकी अधिकारी रूस को सुरक्षा परिषद से निकालने तक की बात कह चुके हैं। शुरुआत के तौर पर रूस को संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद से निकालने का प्रस्ताव लाया गया, जो पारित हो गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 सदस्य देशों में से 93 ने ही प्रस्ताव के समर्थन में वोट किया। लेकिन प्रावधान यह है कि मतदान करने वाले कुछ सदस्यों का दो तिहाई अगर पक्ष में हो, तो प्रस्ताव पारित हो जाएगा।

विरोध में सिर्फ 24 देशों ने मतदान किया। 58 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 19 सदस्य देश इस मौके पर उपस्थित ही नहीं हुए। मगर तकनीकी तौर पर प्रस्ताव को दो तिहाई समर्थन मिल गया और रूस की सदस्यता के निलंबन पर मुहर लग गई। इसे पश्चिमी देश अपनी जीत समझ सकते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि 100 देशों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से ऐसे दुस्साहस में निहित खतरे की बेहतर समझ दिखाई। उन देशों ने समझा कि इस प्रस्ताव के जरिए जो किया जा रहा है, वह एक गलत शुरुआत है, जिसके खतरनाक नतीजे हो सकते हैं। पश्चिमी देशों पर इस पर भी गौर करना चाहिए कि इसके पहले जब महासभा में रूस के खिलाफ प्रस्ताव आए थे, तब 141 और 140 सदस्यों ने रूस के खिलाफ वोट किया था। इस बार ये संख्या घट कर सिर्फ 93 रह गई। मानवाधिकार परिषद में 47 सदस्य हैं। रूस अपनी तीन साल की सदस्यता के दूसरे साल में था। वहां अब रूस के ना रहने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मगर पश्चिमी देशों की सरकारों को अपनी जनता को यह समझाने में मदद मिलेगी, दुनिया उनके साथ है।

# भारत ने सिंहली नव वर्ष से पहले श्रीलंका को 11000 टन चावल भेजा



**कोलंबो ।** श्रीलंका में 13 और 14 अप्रैल को मनाये जाने वाले सिंहली नव वर्ष से पहले मंगलवार को भारत से 11,000 टन चावल की एक खेप कोलंबो बंदरगाह पर पहुंची। अभूतपूर्व खाद्य एवं ईंधन संकट से जूझ रहे श्रीलंका को भारत के बहुआयामी समर्थन के तहत पिछले सप्ताह भी 16,000 टन चावल भेजा गया था। श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा, ये आपूर्ति भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंध को चिह्नित करती है, जो जारी रहेगी। उच्चायोग ने कहा, श्रीलंका के लोगों के नव वर्ष के जश्न से पहले भारत से 11,000 मीट्रिक टन चावल लेकर जहाज चेन ग्लोरी कोलंबो पहुंचा। केवल पिछले सप्ताह में श्रीलंका को भारत के बहु-आयामी समर्थन के तहत 16,000 टन चावल की आपूर्ति की गयी। ये आपूर्ति जो चिह्नित करती है कि भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंध है, जारी रहेगी। गौरतलब है कि भोजन, दवा और अन्य आवश्यक वस्तुओं कभारत ने सिंहली नव वर्ष से पहले श्रीलंका को 11,000 टन चावल भेजा

श्रीलंका में 13 और 14 अप्रैल को मनाये जाने वाले सिंहली नव वर्ष से पहले मंगलवार को भारत से 11,000 टन चावल की एक खेप कोलंबो बंदरगाह पर पहुंची। अभूतपूर्व खाद्य एवं ईंधन संकट से जूझ रहे श्रीलंका को भारत के बहुआयामी समर्थन के तहत पिछले सप्ताह भी 16,000 टन चावल भेजा गया था। श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा, ये आपूर्ति भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंध को चिह्नित करती है, जो जारी रहेगी। उच्चायोग ने कहा, श्रीलंका के लोगों के नव वर्ष के जश्न से पहले भारत से 11,000 मीट्रिक टन चावल लेकर जहाज चेन ग्लोरी कोलंबो पहुंचा। केवल पिछले सप्ताह में श्रीलंका को भारत के बहु-आयामी समर्थन के तहत 16,000 टन चावल की आपूर्ति की गयी। ये आपूर्ति जो चिह्नित करती है कि भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंध है, जारी रहेगी। गौरतलब है कि भोजन, दवा और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए श्रीलंका को भारत द्वारा घोषित एक अरब डॉलर की ऋण सुविधा के तहत चावल की आपूर्ति की जा रही है। इस ऋण में से 15 करोड़ डॉलर श्रीलंका को चावल की आपूर्ति के लिए निर्धारित किए गए हैं। श्रीलंका को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कमी से उबरने में मदद करने के लिए भारत द्वीप राष्ट्र को लगभग 40,000 टन चावल उपलब्ध करा रहा है।। खरीद के लिए श्रीलंका को भारत द्वारा घोषित एक अरब डॉलर की ऋण सुविधा के तहत चावल की आपूर्ति की जा रही है। इस ऋण में से 15 करोड़ डॉलर श्रीलंका को चावल की आपूर्ति के लिए निर्धारित किए गए हैं। श्रीलंका को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कमी से उबरने में मदद करने के लिए भारत द्वीप राष्ट्र को लगभग 40,000 टन चावल उपलब्ध करा रहा है।

# टाटा और अडानी ग्रुप के शेयर दे रहे छप्परफाड़ रिटर्न, एक महीने में डबल हो गया पैसा



**नई दिल्ली ।** पिछले एक महीने में अपने निवेशकों का पैसा करीब-करीब दोगुना करने वाले मिड कैप और लार्ज कैप स्टॉक्स में से तीन अडानी ग्रुप के हैं। एक महीने में ही अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पावर ने अपने निवेशकों का पैसा करीब-करीब दोगुना कर दिया है। मंगलवार पौने 11 बजे तक अडानी पावर के शेयर का मूल्य एक महीने में 121.80 रुपये से 231.50 रुपये पर पहुंच गया। इस अवधि में इसने 90.23 फीसद की छलांग लगाई। वहीं टाटा ग्रुप की एक कंपनी भी एक महीने में 84 फीसद का रिटर्न दिया है।

दूसरा स्टॉक है अडानी विल्मर। अडानी विल्मर कमजोर लिस्टिंग के बाद ऐसा भागा कि पूछिए मत। अपने लिस्टिंग प्राइस से करी ढाई गुना बढ़ चुके इस स्टॉक ने एक महीने में 74 फीसद रिटर्न दिया है। अभी 11 बजे के आसपास यह स्टॉक 599 रुपये पर कारोबार कर रहा है। एक महीने में ही तगड़ा मुनाफा कमवाने वाले स्टॉक्स में से दूसरा नाम है टाटा ग्रुप की कंपनी टीटीएमएल का। इस टेलीकाम कंपनी ने पिछले एक महीने में 83 फीसद से अधिक रिटर्न दिया है। आज टीटीएमएल का शेयर भाव 108.25 रुपये से 198.75 रुपये पर पहुंच गया है। इस कंपी के शेयर एक महीने में 58.35 रुपये से 96.90 रुपये पर पहुंच गए है। इस अवधि में इस स्टॉक ने 66 फीसद का रिटर्न दिया है। अच्छा मुनाफा कमवाने में एक बार फिर अडानी ग्रुप की कंपनी का ही नाम है। अडानी टोटल गैस ने भी पिछले एक महीने में निवेशकों का पैसा डेढ़ गुना से अधिक कर दिया है। मंगलवार को यह स्टाक 11 बजे के करीब 2599.80 रुपये पर था और एक महीने पहले इसके एक शेयर की कीमत 1661.85 रुपये थी।

# गुजरात टाइटंस को सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार के बाद लगा बड़ा झटका, प्वाइंट्स टेबल में टॉप 4 से हुए बाहर

**नई दिल्ली ।** सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों आईपीएल 2022 के 21वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को सीजन का पहली हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले से पहले गुजरात टाइटंस जीत की हैट्रिक लगा चुकी थी और यही एकमात्र ऐसी टीम थी जिसने अभी तक सीजन में हार का मुंह नहीं देखा था। हैदराबाद के खिलाफ मिली 8 विकेट से करारी हार के बाद गुजरात टाइटंस को भारी नुकसान हुआ है। इस मैच से पहले टॉप 3 में ये टीम मौजूद थी मगर हार के बाद गुजरात 5वें स्थान पर पहुंच गई है। प्वाइंट्स टेबल में राजस्थान रॉयल्स कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ गुजरात टाइटंस के भी 6 अंक है मगर बेहतर रन रेट होने की वजह से ये सभी टीमें उनसे आगे हैं। वहीं बात सनराइजर्स हैदराबाद की करें तो वह लगातार दूसरी जीत के बाद भी 8वें पायदान पर है।

# मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ कमाई में नबर वन गौतम अडानी बने दुनिया के रईस नंबर 6



**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे बड़े रईस और इस साल अब तक कमाई में नंबर वन गौतम अडानी ने रईसी में मुकेश अंबानी को बहुत पीछे छोड़ दिया है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी टॉप-10 अरबपतियों की सूची में अब छठे पायदान पर पहुंच गए हैं।

अडानी ग्रुप की कंपनियों अडानी पावर, अडानी विल्मर, अडानी ग्रीन, अडानी गैस के शेयरों में आई तेजी की दम पर सोमवार और मंगलवार को उन्हें तगड़ा मुनाफा हुआ और उनकी नेट वर्थ में जबरदस्त तेजी आई। इस वजह से वह दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं मुकेश अंबानी 11वें स्थान पर हैं। आंकड़े ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के हैं।

वहीं फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक मंगलवार दोपहर तक सोमवार को एलन मस्क ने 11.7 अरब डॉलर गंवाया तो आज यानी मंगलवार को गौतम अडानी ने 10.9 अरब डॉलर कमाया। अडानी की संपत्ति में आज 10.9 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

टॉप-10 अरबपतियों की सूची में अडानी की लंबी छलांग में उनकी नेटवर्थ में आया जबरदस्त उछाल है, जो इस 41.6 अरब डॉलर बढ़ी। जबकि, मुकेश अंबानी की संपत्ति में इस साल अब तक केवल 7.45 अरब डॉलर ही बढ़ी है। इस सूची में पहले 10वें नंबर पर मौजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अब 11वें नंबर पर खिसक गए हैं।

कमाई के मामले में इस साल अडानी एलन मस्क और जेफ बेजोस जैसे दिग्गजों से भी आगे निकल गए हैं। उनकी नेटवर्थ रॉकेट की स्पीड से आगे बढ़ रही है । बीते दिनों तक टॉप-10 सूची में शामिल मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच एक पायदान का अंतर बना रहता था। अब 2022 में अडानी ने ऐसी लंबी छलांग लगाई है कि मुकेश अंबानी से कहीं आगे निकल गए है।

# भारत करेगा स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी




**नई दिल्ली ।** सेव द चिल्ड्रेन, इंडिया (बाल रक्षा भारत) और स्ट्रीट चाइल्ड यूनाइटेड स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट वर्ल्ड कप (एससीसीडब्ल्यूसी 2023) अगले साल भारत में 16 देशों की 22 टीमों का स्वागत करेंगे। आईसीसी वर्ल्ड कप के पहले सितम्बर 2023 में होने वाले, इस अनोखे 10-दिवसीय कार्यक्रम में बेघर और बेसहारा बच्चे मिक्सड-जेंडर क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेंगे। यह दुनिया भर के बेघर और लावारिस बच्चों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने वाला आर्ट्स और कांग्रेस का महोत्सव होगा।

एससीसीडब्ल्यूसी 2023 टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण होगा। इससे पहले लंदन, कैंब्रिज में 2019 में इस टूर्नामेंट का उद्घाटन और आयोजन सफलतापूर्वक किया गया था। 2019 में इस टूर्नामेंट में आठ टीमों ने भाग लिया था और जबर्दस्त फाइनल मैच में मेजबान इंग्लैंड को हराकर इंडिया साउथ की टीम टूर्नामेंट में विजेता बनकर उभरी थी।

2019 में टूर्नामेंट के विजेता अपनी जीत का परचम बुलंद रखने के लिए भारत की सात दूसरी टीमों के साथ मैदान में उतरेंगे, जो भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के अलग-अलग संगठनों का प्रतिनिधित्व करेगी। इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश, बोलिविया, ब्राजील, बुरुंडी, इंग्लैंड, हंगरी, मॉरीशस, मैक्सिको, नेपाल, रवांडा, दक्षिण अफ्रीका, तन्जानिया, युगांडा और जिंबाब्वे की टीमें हिस्सा लेंगी।

हालाँकि एससीसीडब्ल्यूसी का लक्ष्य क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन से काफी ज्यादा हैं। यह एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म है, जो दुनिया भर में बेघर और अनाथ बच्चों को एक दूसरे से जुड़ने, अपने अनुभव एक-दूसरे से शेयर करने और अपनी मानवाधिकार संबंधी माँगों को दुनिया के सामने पेश करने का अवसर प्रदान करता है। यह बेसहारा बच्चों की पहचान, उनकी शिक्षा हासिल करने, स्वास्थ्य रक्षा की सुविधा तक पहुंच पाने के अधिकार और दूसरे मूल अधिकारों की प्राप्ति के लिए आवाज उठाने का एक मंच है।

# प्रफुल्ल पटेल को एआईएफएफ चलाने का अधिकार नहीं : खेल मंत्रालय



**नई दिल्ली ।** खेल मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के पास खेल निकाय चलाने का कोई जनादेश नहीं है, क्योंकि उन्होंने अध्यक्ष के रूप में अपने तीन कार्यकाल पूरे किए हैं और राष्ट्रीय निकाय को बिना किसी देरी के चुनाव कराना चाहिए। मंत्रालय का जवाब 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विशेष अनुमति याचिका एसएलपी के संबंध में एक हलफनामा दायर करने के बाद आया है, जिसमें वकील राहुल मेहरा भारत संघ के प्रतिवादियों में से एक हैं।

मंत्रालय ने अपने जवाब में इस बात की पुष्टि की है कि पटेल और उनकी समिति के पास अपने पदों पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। राहुल मेहरा ने मंत्रालय की दुर्दशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसने एआईएफएफ के पदाधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की, जबकि उनके पास पदों पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा, मंत्रालय ने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? उनका कार्यकाल समाप्त होने पर उन्होंने चुनाव क्यों नहीं कराया? और अब, मंत्रालय इस तरह के जवाब के साथ आया है जब मामला न्यायिक विचार के अधीन है। यह कुछ भी नहीं है। अब मंत्रालय एआईएफएफ के मौजूदा अध्यक्ष को हटाना चाहता है और पूरी कवायद उसी के लिए है। उन्होंने मंत्रालय की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, जब मैंने इस संबंध में 2016 में दिल्ली उच्च न्यायालय में मामला दायर किया, तो मंत्रालय ने मेरा समर्थन क्यों नहीं किया? पटेल ने दिसंबर 2020 में एआईएफएफ के अध्यक्ष के रूप में अपने तीन कार्यकाल पूरे किए थे, जो राष्ट्रीय खेल महासंघ के प्रमुख को राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 के अनुसार अधिकतम अनुमति है, जिसमें से एआईएफएफ एक हस्ताक्षरकर्ता है।

# केजीएफ-2 ने हिन्दी बेल्ट में पहला दिन 40, दक्षिण में 90 करोड़ की आरोबार




केजीएफ-2 को लेकर दर्शकों का उन्माद सिर चढकर बोल रहा है। दर्शकों के साथ-साथ फिल्म उद्योग के लोगों की निगाहें भी इस फिल्म के पहले दिन कारोबार पर लगी हैं। एडवांस बुकिंग के जरिये लगभग 10 करोड़ का कारोबार करने में सफल हो चुकी इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि यह हिन्दी बेल्ट में पहले दिन 35-40 करोड़ का कारोबार करने में सफल होगी। अगर ये आंकड़े सही साबित होते हैं तो फिल्म आरआरआर पहले दिन ही केजीएफ 2 से बॉक्स ऑफिस रिकॉड्स में मात खा जाने वाली है। दरअसल, राम चरण-जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने रिलीज के पहले दिन अकेले हिंदी बॉक्स ऑफिस से 20 करोड़ रुपये की ओपनिंग हासिल की थी। जबकि अक्षय कुमार स्टारर फिल्म सूर्यवंशी भी इस मामले में पीछे है। सूर्यवंशी ने पहले दिन 26 करोड़ रुपये की रकम हासिल की थी। कन्नड़ सुपरस्टार यश की अपकमिंग फिल्म केजीएफ 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई करने वाली है। इस फिल्म की रिलीज में अभी 4 दिन का वक्त बाकी है। बावजूद इसके फिल्म के पहले दिन की कमाई के आंकड़ों पर हर किसी की नजर है।

# रवि तेजा-स्टारर रामाराव ऑन ड्यूटी का पहला गाना रिलीज



निर्देशक सरथ मांडवा की आगामी एक्शन-थ्रिलर रामाराव ऑन ड्यूटी के निर्माताओं ने रविवार को फिल्म का पहला गाना बुलबुल तरंग रिलीज किया। सिड श्रीराम द्वारा गाया गया, इस गाने के बोल राकेंदु मौली ने और संगीत सैम सी एस ने दिया है। सुधाकर चेरुकुरी द्वारा निर्मित, यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित है और इसमें कई सितारे हैं। फिल्म में रवि तेजा और राजीशा विजयन के अलावा, दिव्याशा कौशिक, वेणु थोट्टमपुडी, नासिर, सीनियर नरेश, पवित्रा लोकेश, सरपेटा परमबरई फेम जॉन विजय और चैतन्य कृष्ण भी होंगे। फिल्म के लिए छायांकन सत्यन सूर्यन द्वारा किया गया है, जबकि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता प्रवीण केएल इसके एडिटर हैं।

## आज का राशिफल

***मेष***:आज का दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपके साथ अच्छी परिस्थिति बनने से रोज की अपेक्षा आज अधिक फायदा होगा । आज नए लोगों से सम्पर्क आगे चलकर आपको लाभ दिलाएगा ।

***वृष***:आज का दिन खुशियाँ लेकर आया है। आज घर पर अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा होगी। आज समाज में मान सम्मान प्राप्त होगा। छात्रों को कम मेहनत में अच्छा परिणाम मिलेगा। जल्द ही कोई बड़ी सफलता भी हासिल होगी ।

***मिथुन***:आज आपने भावनात्मक व्यवहार को छोडक़र कार्यों को करें तो अच्छा रहेगा। आज जॉब में प्रमोशन होने के योग बन रहे हैं । जमीन, जायदाद आदि से फायदा होने की सम्भावना है।

***कर्क***:आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में पहले से बनी प्लानिंग किसी अन्य के सामने न रखें। आज आप विवादों में पडऩे से बचें वरना बात सुलझने के बजाय उलझ जायेगी। अनजान लोगों को उधार देने से बचें।

***सिंह***:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपनी सूझ-बूझ से आप सभी व्यावसायिक समस्याओं को आसानी से सॉल्व कर सकेंगे। ऑफिस में अधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

***कन्या***:आज का दिन खुशियां लेकर आया है । जीवनसाथी के साथ कई दिनों से चली आ रही गलतफहमी, आज दूर हो जायेगी । अपना समय सकारात्मक कामों को करने में लगायें।

***तुला***:आज सोच-विचार कर ही किसी बड़े फैसले को अंतिम रूप दें। आज कोई ऐसी बात आपके सामने आयेगी, जिससे आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। आज कागजात पूरे न होने के कारण किसी सरकारी कार्य में थोड़ा वक्त लगेगा।

***वृश्चिक***:आज का दिन खास रहने वाला है । आज आपका परफॉरमेंस बॉस को इम्प्रेस करने में कामयाब रहेगी। इस राशि के साहित्य से जुड़ें लोगों के लिये आज का दिन अच्छा है। कोई कविता या कहानी लिखने का मन बनायेंगे।

***धनु***:आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है । आज आप शांत मन से काम करेंगे तो आपको काफी फायदा होगा। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक के व्यापार से जुड़े हैं आज उनकी किसी बड़े व्यापारी से साझेदारी होगी।

***मकर***:आज का दिन अच्छा रहेगा । महत्वपूर्ण मसलों पर दोस्तों से बातचीत करेंगे। साथ ही उनका सहयोग भी आपको प्राप्त होगा । नयी ऊर्जा के साथ काम की शरुआत करेंगे तो रुके हुआ कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

***कुंभ***:आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपनी इच्छाएं पूरी करने की कोशिश कारगर साबित होगी। परिवार में उलझा हुआ मामला आसानी से सुलझ जायेगा । इस राशि के छात्रों को आज करियर संबंधी कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है।

***मीन***:आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता दिखेगी। कोई नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फ़ायदा दिलायेगा। आज बच्चों के साथ कहीं घूमने के लिये जायेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति और बेहतर बनेगी। शाम का समय दोस्तो के साथ बीतेगा।।

## खट्टा-मीठा स्वाद लिए हुए 'अंगूर का अचार'



तरह-तरह के फलों से कई तरह के अचार भी तैयार किए जा सकते हैं। तो आज हम अंगूर के अचार की रेसिपी जानेंगे।

**सामग्री :**

अंगूर- 2 कटोरी, अदरक-हरी मिर्च- 2 टीस्पून (कुटी हुई), सफेद सिरका- 1/4 कटोरी, सौंफ- एक टीस्पून, मेथी- एक टीस्पून, कलौंजी- एक टीस्पून, तिल का तेल- बड़ा टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, हरी मिर्च- 15 बीच से कटी

**विधि :**

अंगूर को धोकर कपड़े से पोंछ लें और टुकड़ों में काट लें। फिर एक पैन में तिल का तेल गर्म करें। जब तेल अच्छे से गर्म हो जाए, तब धीमी आंच करके इसमें कुटी हुई अदरक-हरी मिर्च डालकर 2 मिनट तक भून लें। इसके बाद इसमें सिरका डालकर दो मिनट तक पका लें। इसके बाद सौंफ, मेथी और कलौंजी को मिक्सी में पीसकर अचार का मसाला बना लें। जब अदरक-हरी मिर्च का मिक्सचर ठंडा हो जाए, तब इसमें अंगूर, हरी मिर्च, नमक और अचार का मसाला डालकर अच्छे से मिक्स कर लें और किसी एयर टाइट कंटेनर में रख दें। आप इस अचार को दो दिन बाद सर्व कर सकते हैं। एक हफ्ते बाद आप इसे फ्रिज में रख दें और कई हफ्तों तक इसका लुत्फ उठाएं।

## शब्द सामर्थ्य- 40

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 039 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

## सू-दोकू- 40

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.039 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |